उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं0 878...   दिनांक / Date 13.10.2017..

।। कार्यालय ज्ञाप ।।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–03/ उ0अ0से0च0आ0/2015, दिनांक 20 नवम्बर, 2015, पद कोड–07, में पदनाम–आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक के 176 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आरम्भ की गयी थी। दिनांक 6/11/2016 को इस पद के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। दिनांक 26/3/2017 को टंकण परीक्षा आयोजित की गयी थी। दिनांक 15 व 16 जून, 2017 को आशुलेखन परीक्षा सम्पन्न हुयी।

आशुलेखन परीक्षा के उपरांत अभिलेख सत्यापन के लिए अर्ह पाये गये 120 अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 25/8/2017 को आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित की गयी थी। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत कुछ अभ्यर्थियों द्वारा यह शिकायत की गयी कि आशुलेखन परीक्षा में मूल्याकंन उचित रूप से नहीं हुआ है। इन शिकायतों का संज्ञान लेकर आयोग द्वारा सभी अभ्यर्थियों की आशुलेखन परीक्षा की शीट तथा इस परीक्षा की डिक्टेशन शीट को पारदर्शिता की दृष्टि से आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया।

आशुलेखन शीट्स को वेबसाइट पर प्रकाशित करने के उपरांत विभिन्न अभ्यर्थियों द्वारा लगभग 36 ऐसे अभ्यर्थियों की शीट्स संलग्न की गयी जिनकी त्रुटियां 20 से अधिक है किंतु आशुलेखन की शीट्स में उनके मूल्याकंन में 20 से कम त्रुटियां मानते हुये उन्हें उत्तीर्ण घोषित किया गया है।

बड़ी संख्या में त्रुटिपूर्ण मूल्याकंन की शिकायत प्राप्त होने पर इस विषय पर आयोग की बैठक दिनांक 28/9/2017 में विचार–विमर्श किया गया व यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 15 व 16 जून, 2017 को कराई गयी आशुलेखन परीक्षा में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों की आशुलेखन शीट्स का पुर्नःमूल्याकंन किया जाएं। यह भी निर्णय लिया गया कि तब तक पद कोड–07 की परीक्षा के परिणाम को स्थगित रखा जाय।

तद्नुसार विज्ञापन संख्या–03/2015, पद कोड–07, में पदनाम–आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक के 120 पदों के लिए आयोग द्वारा जारी परीक्षा परिणाम को स्थगित किया जाता है।

13/10/17

(संतोष बड़ोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता
राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाड़पुर, देहरादून, उत्तराखण्ड
State Election Commission Office Campus, Ring Road, Ladpur, Dehradun. Uttarakhand